# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शनिवार, 7 जून, 2025

वर्ष 01 | अंक 147 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## व्यक्तित्व में त्रिगुणों (सत-रज-तम) को संतुलित करता है सहजयोग



**दैनिक रणजीत टाइम्स**

हमारा सामान्य गृहस्थ जीवन यापन करते समय हम देखते हैं कि सारा संसार त्रिगुणों से आवृत्त है। ये तीन गुण सत्व, रज और तम हैं। पंच महाभूतों से बने हुए हमारे शरीर में ये तीन गुण अपना खेल खेलते रहते हैं। जब हमें प्रसन्नता और आनंद होता है, तब हम सभी के अंदर के अच्छे गुणों की ओर आकृष्ट होते हैं, हमें लगता है कि हम भी जीवन में कुछ अच्छा बनें, हमारे साथ-साथ अपने माता-पिता और समाज का भी कल्याण करें। हमारे जीवन की जो भी समस्याएं हैं उन सभी समस्याओं से छुटकारा पाने की पूरी शक्ति हमारे अंदर से आती है। अगर ऐसा व्यक्तित्व आपके अंदर है तो समझ जाइए आप सतोगुण से आवृत्त है। इसके सिवा जो रजोगुणी व्यक्तित्व होते हैं वे अति- महत्वकांक्षी होते हैं, और दूसरों को नीचा दिखाना, किसी से बुरी तरह बात करना, ये सभी रजोगुणी व्यक्तित्व के लक्षण हैं। तमोगुणी व्यक्ति सदैव भूतकाल की पिछली बातों के बारे में सोचता रहता है। कोई भी व्यक्ति जो उदासीन है, उसे तमोगुणी कहा जाएगा।

प. पू श्री माताजी प्रणित सहजयोग एक ऐसी ध्यान प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से आप जान जाते हैं कि आप कौन से गुणों से आवृत्त हैं। सहजयोग में जब साधक को आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है तो तमो गुणी साधक जो इड़ा-नाड़ी प्रधान है वो अपनी इड़ा नाड़ी को नियमित ध्यान और पंच भौतिक उपचार जैसे की अग्नि तत्व का उपचार कर स्वयं को मध्य में अर्थात सतोगुण की द्योतक सुषुम्ना पर स्थित कर सकता है, वैसे ही रजोगुणी व्यक्ति भी जान जाता है कि सूर्य नाड़ी को जल पैर प्रक्रिया और आईस पैक जैसे नैसर्गिक उपचार कर संतुलित कैसे किया जाय। हम सभी जीवन में अनेक दुःखों का सामना कर रहे हैं, इसका कारण है अज्ञान, हमारे आत्मस्वरूप का अज्ञान। आत्मसाक्षात्कार हमें आत्मपरीक्षण कर आध्यात्म की राह दिखाता है, इसे वह प्रत्येक व्यक्ति पा सकता है जो सत्य के प्रति जिज्ञासु है। सहजयोग ध्यान में श्री माताजी के समक्ष आप स्वयं आत्मसाक्षात्कार प्राप्त कर संतुलन को तो प्राप्त करते ही हैं साथ ही नियमित अभ्यास द्वारा अन्य लोगों को आत्मसाक्षात्कार प्रदान करने योग्य भी बन जाते हैं। आत्म परीक्षण द्वारा स्वयं को संतुलित करने का ज्ञान हमें स्वयं का गुरु होने की शक्ति प्रदान करता है। सहजयोग अनुभव द्वारा ज्ञान प्राप्त करने की सनातन ऋषि परंपरा की ध्यान आधारित वैज्ञानिक पद्धति है। ध्यान न तो किसी शारीरिक सक्रियता से संभव है न ही निष्क्रियता से। ध्यान सजग निर्विचार चेतना है जो अत्यंत शक्तिशाली है। ध्यान की इसी अवस्था को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

# अवैध हथियारों की तस्करी करने वाला बदमाश, पुलिस थाना आजाद नगर इन्दौर की गिरफ्त में



•आरोपी के कब्जे से 12 बोर के 3 देशी कट्टे व 315 बोर का 01 देशी कट्टा सहित कुल 04 अवैध फायर आर्म्स व 02 जिन्दा कारतूस हुए बरामद।

•आरोपी ने चम्बल क्षेत्र से कम कीमत पर अवैध हथियारों की खरीदी कर इन्दौर शहर में अधिक दामों पर हथियारो विक्रय करना बताया है।

•गिरफ्तारशुदा आरोपी से अवैध हथियार की तस्करी के संबंध में अन्य पूछताछ की जारी है।

इंदौर शहर में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु अवैध हथियारों की तस्करी करने वालो एवं इनमे लिप्त आरोपियो की पतारसी कर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था नगरीय इंदौर श्री अमित सिंह द्वारा दिये गये है। उक्त निर्देशों के तारतम्य मे पुलिस उपायुक्त जोन-01 इंदौर श्री विनोद कुमार मीना एवं अति. पुलिस उपायुक्त जोन -01 श्री आलोक कुमार शर्मा के निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्त आजाद नगर श्री रविन्द्र बिलवाल के मार्गदर्शन मे कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना आजाद नगर द्वारा 04 अवैध फायर आर्म्स के साथ आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।



उक्त निर्देशो पर कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना आजादनगर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र मे रात्री मे सुनसान इलाकों में भ्रमण कर, संदिग्ध चैकिंग के दौरान फरार आरोपियो की तलाश की कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में पुलिस टीम को क्षेत्र भ्रमण के दौरान रात्रि में मुसाखेडी चौराहे पर पहुचें, जहा मुखबिर से सुचना प्राप्त हुई की सिग्नेचर मल्टी के पास एक व्यक्ति पिले रंग की थैली लेकर घुम रहा है जो संदिग्ध दिखाई पडता है। मुखबिर की सूचना पर से पुलिस टीम सिग्नेचर मल्टी पहुंची जहा एक व्यक्ति पुलिस की गाडी को देखकर अपना रास्ता बदल कर मैदान की ओर जाता हुआ दिखा। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्ति को घेराबंदी कर पकडा गया जो भागने की कोशिश कर रहा था। पूछताछ करने पर अपना नाम आरोपी अभिषेक पुरी उम्र 30 साल निवासी ग्राम देवपुर तह. सिरोंज थाना सिरोंज जिला विदिशा का होना बताया।

उक्त बदमाश तलाशी लेने पर 315 बोर के 01 देशी कट्टे व एक 12 वोर के 03 देशी कट्टे व 02 जिन्दा कारतूस बरामद हुये, जिनकी कुल कीमत लगभग 20,000 रुपये है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर थाना आजाद नगर इन्दौर पर अप. क्रं. 408/25 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का पंजिबध्द कर विवेचना मे लिया गया।

**»» जप्त मश्रुका - 315 बोर का 01 देशी कट्टा व 12 वोर के 03 देशी कट्टे व 02 जिन्दा कारतूस कीमती लगभग 20000 रुपये बरामद।**

## आरोपी का अपराधिक रिकार्ड -

»» 1. अपराध क्रं. 469/19 धारा 323,294,34,452,506 भादवि थाना सिरोंज जिला विदिशा

»» 2. अपराध क्रं. 521/21 धारा 323,341,504 भादवि थाना सिरोंज जिला विदिशा

»» 3. अपराध क्र. 108/22 धारा 323,294,506 भादवि थाना सिरोज जिला विदिशा

»» 4. अपराध क्रं. 146/22 धारा 323,294,325,506 भादवि थाना सिरोंज जिला विदिशा

»» 5. अपराध क्रं. 299/22 धारा 323,294,34,506 भादवि व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1) (r), 3 (1), (s), 3 (1) (द), 3 (1) (ध), 3 (2) (va) थाना सिरोंज जिला विदिशा

06. अपराध क्र. 219/25 धारा 25,27 आर्म्स एक्ट (01 देशी पिस्टल व 01 जिन्दा कारतुस) थाना विजय नगर जिला इन्दौर उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी आजाद नगर श्री तिलक कारोले, सउनि दिनेश बछानिया, स.उ.नि. दिपेन्द्र शर्मा, स.उ.नि. संदिप बैस, प्र.आर. अभिनव शर्मा, प्र.आर. संजय तिवारी, आर. कृष्ण कुमार पटेल, आर. संजय दांगी, आर. बलराम की सराहनीय भूमिका रही।

## मानसिक रूप से प्रताड़ित पीड़िता ने जिला कलेक्टर के समक्ष लगाई न्याय की गुहार पीड़िता है बैंक की कर्मचारी




### बैंक के बड़े अधिकारियों पर लगाए मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के आरोप

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शिवपुरी जिले से निकलकर सामने आ रही है जिसमें एक बैंक कर्मचारी अपने ही बैंक के बड़े अधिकारियों से परेशान होकर खुद को आत्मदाह करने पर मजबूर हो गई है मामला शिवपुरी जिले में रहने वाली एकता शर्मा का है जो वर्तमान में एक जिला सहकारी बैंक मर्यादित शिवपुरी में पदस्थ है पीड़िता एकता शर्मा का कहना है कि उसके ही बैंक के बड़े अधिकारी लंबे समय से उसे मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं। पीड़िता मानसिक रूप से इतनी ज्यादा आहत हो गई है कि स्वयं की जीवन लीला समाप्त करने की परमीशन मांगने हेतु कलेक्टर परिषर पहुंच गई।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा की शुरुआत कथावाचक शास्त्री ने कथा का महत्व बताया





**दैनिक रणजीत टाइम्स**

शिवपुरी में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। चौराहे वाले हनुमान मंदिर परिसर से भगवताचार्य रामेश्वर दास महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना कराकर कलशयात्रा को रवाना किया। बैंडबाजों और डीजे के साथ कलशयात्रा शिवपुरी के मुख्य मार्गो से गुजरती हुई कार्यक्रम स्थल श्री गोरखनाथ मंदिर पर पहुंची। जहां श्रीमद् भागवत की पूजा अर्चना की और पूजन के बाद कलश की स्थापना की गई।

कथा व्यास ने अपने प्रवचनों में उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत पुराण की जानकारी देते हुए कहा कि कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का उदय होता है। कथा सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि नारद जी ने भक्ति देवी के कष्ट की निवृत्ति के लिए श्रीमद् भागवत कथा का साप्ताहिक अनुष्ठान किया था। जहां संत कुमारों ने भागवत का प्रवचन करते हुए नारद के मन का संशय दूर किया। इसी कथा को धुंधकारी प्रेत ने अपने अग्रज से श्रवण किया और प्रेत योनि से मुक्ति पाकर विष्णु लोक को प्राप्त हुए। कथा व्यास ने कहा कि भगवत श्रवण से जीव के सभी पाप कर्म मिट जाते हैं। अंत में सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## भगवान विश्वकर्मा जी को माल्यार्पण कर जांगिड समाज बंधुऔ को संबोधित किया

**रणजीत टाइम्स -अनिल चौधरी**



इंदौर - शुक्रवार को राजस्थान सरकार में नगरीय विकास एवं स्वायत्त मंत्री झाबर सिंह जी खर्रा ने जांगिड़ ब्राह्मण समाज पंचायत तोपखाना इंदौर में पधारकर भगवान विश्वकर्मा जी को माल्यार्पण कर जांगिड समाज बंधुऔ को संबोधित किया। मंत्री झाबर सिंह खर्रा का स्वागत अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष प्रभु दयाल बरनैला, समाज अध्यक्ष अशोक रोडवाल,पुर्व पंच बंशीलाल लाल छिछोलिया,पंच बजरंग लाल जाला, शबाबूलाल देमण, जिला अध्यक्ष विरेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र रावत, दीनानाथ शर्मा,महेंद्र पंवार,छाजुलाल जांगिड,हरिश शर्मा राजेश शर्मा, सुभाष रसुलपुर,महेंद्र राजोतिया, हेमंत पड़वा, सीताराम खोखा, रमेश राजोतिया,कमलेश जांगिड, योगेश जांगिड, मुकेश बरनेला, मनोज सिकरोदिया, पुरुषोत्तम शर्मा, अशोक शर्मा हम सभी ने शाल,साफा श्रीफल से श्री खर्रा का स्वागत सत्कार किया। श्री खर्रा के अलावा प्रभु दयाल बरनैला, एवं महेंद्र पंवार ने भी सभा को संबोधित किया स्वागत संबोधन हेमन्त पड़वा द्वारा किया गया।

## लोकतंत्र सेनानी संघ के तत्वावधान में मीसाबंदी परिवारों का मिलन समारोह व वार्षिक बैठक का आयोजन लोकतंत्र सेनानी एवं पूर्व विधायक तेजसिंह सेंधव की अध्यक्षता में बागली विश्राम गृह पर सम्पन्न हुई



**संजय प्रेम जोशी**

भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दिवंगत लोकतंत्र सेनानीयों को श्रद्धांजली के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया, इस अवसर पर तेजसिंह सेन्धव ने 26 जुन आपातकाल दिवस पर मुख्यमंत्री निवास भोपाल में होने वाले कार्यक्रम की जानकारी प्रेषित की एवं सभी लोकतंत्र प्रहरियों से भोपाल मे आयोजित लेने वाले कार्यक्रम में पहुंचने का आव्हान किया । भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ट के प्रदेश सहसंयोजक जयवर्धन जोशी ने लोकतंत्री प्रहरी संघ की ओर से संबोधित किया व सभी लोकतंत्र प्रहरियों ते अपना विषय भी प्रस्तुत किया । इस अवसर पर लोकतंत्र प्रहरी के जिला संयोजक सार्थक दाधीच, लोकतंत्र प्रहरी अजय प्रेम जोशी, देवकरण राठौर, संजय चौधरी, राजेन्द्र पटेल, चेतन रघुवंशी, गिरधर परमार, संतोष दाधिच, ऋतिक चौधरी आदि उपास्थित थे कार्यक्रम का संचालन सार्थक दाधीच ने किया एवं आभार अजय जोशी ने माना ।


## शिवपुरी में 10 हजार लीटर बीयर के साथ एक गिरफ्तारः 1310 पेटी बीयर और कंटेनर समेत 56 लाख का माल जब्त

शिवपुरी में सतनवाड़ा पुलिस ने अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने गांव ऐरावन में सिंध नदी के पुल के पास एक आयशर कंटेनर को रोककर तलाशी ली। कंटेनर से 1310 पेटी अवैध बीयर बरामद की गई है। साथ ही धार के ईमलीपुरा गांव के निवासी राकेश कास्डे (40) को भी गिरफ्तार किया गया है। 15720 बीयर की बोतल के साथ एक कंटेनर जब्त, कीमत 56 लाख एसपी अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर चल रही कार्रवाई में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने कंटेनर नंबर AS 01 HC 2029 को रोका।



इस कंटेनर में 15 हजार 720 बोतल बीयर (लगभग 10,218 लीटर) भरी थी। प्रति पेटी 2 हजार रुपए के हिसाब से बीयर की कुल कीमत 26 लाख 20 हजार रुपए है। जबकि कंटेनर की कीमत 30 लाख रुपए है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज टीआई सुनील राजपूत ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# कुशल नारी, सशक्त भारत की प्रेरणा हैं राजमाता अहिल्याबाई होलकरः जयन्त चौधरी





रणजीत टाईम्स- अनिल चौधरी

## राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला), इंदौर में मनाई गई राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती राजमाता अहिल्याबाई सेवा, नारी शक्ति और सामाजिक समरसता की प्रतीक : श्री शंकर लालवानी

इंदौर। राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में इंदौर स्थित राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला) में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयन्त चौधरी ने एक विशेष संदेश भेजा, जिसे महानिदेशक (प्रशिक्षण) श्रीमती त्रिशलजीत सेठी द्वारा पढ़ा गया। कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयन्त चौधरी ने अपने संदेश में कहा, "राजमाता अहिल्याबाई होलकर की विरासत आज भी राष्ट्र को सेवा, न्याय और महिला सशक्तिकरण के मूल्यों से प्रेरित कर रही है। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदृष्टि से नेतृत्व की नई परिभाषा गढ़ी जा सकती है। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की हर पहल, चाहे वह एनएसटीआई, पीएमकेवीवाई, निस्बड या स्किल इंडिया डिजिटल हब हो, सभी का उद्देश्य महिलाओं को बेहतर अवसर, प्लेटफॉर्म और मार्गदर्शन देना है।"

जयन्त चौधरी ने यह भी उल्लेख किया कि हाल ही में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा राजमाता अहिल्याबाई के नाम पर एक विशेष कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्वीकृति दी गई है, जो उनके विचारों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह आयोजन भारत सरकार के "कुशल नारी, सशक्त भारत" के विज़न को साकार करता है। जब एक महिला आर्थिक रूप से सक्षम होती है तो न केवल उसका आत्म-सम्मान बढ़ता है, बल्कि उसका सामाजिक और आर्थिक विकास में भी योगदान अधिक होता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदौर के लोकसभा सांसद शंकर लालवानी ने अपने संबोधन में कहा, "राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन सेवा, न्याय और नारी गरिमा की एक प्रेरणादायक मिसाल है। आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में नारी शक्ति के सशक्तिकरण के लिए अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं—चाहे वह बेटियों की शिक्षा हो, कौशल प्रशिक्षण हो या महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना—तो यह अहसास होता है कि राजमाता की विरासत आज जन-जन के जीवन में जीवंत हो रही है। ग्रामीण और सामान्य पृष्ठभूमि की महिलाएं जब हुनर के जरिए आत्मनिर्भर बनती हैं, तो यह 'उद्यमिता से आत्मनिर्भरता' की वही भावना है, जिसकी नींव राजमाता ने अपने शासन में डाली थी।"

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की विशेष सचिव और प्रशिक्षण महानिदेशालय की महानिदेशक श्रीमती त्रिशलजीत सेठी ने कहा, "यह अत्यंत प्रतीकात्मक है कि आज उनके 300वीं जयंती पर यह आयोजन राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला), इंदौर में हो रहा है—एक ऐसा संस्थान जो महिला सशक्तिकरण और कौशल विकास की दिशा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रम—प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, जन शिक्षण संस्थान, NIESBUD और NSTIs के माध्यम से—हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर महिला को तकनीकी प्रशिक्षण, उद्यमिता के अवसर और टिकाऊ आजीविका का मार्ग मिल सके। आज जिन महिलाओं ने अपनी यात्रा साझा की है, वे स्वयं राजमाता की विरासत की जीवंत मिसाल हैं। जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा है—'माता अहिल्याबाई राष्ट्र निर्माण में हमारी नारी शक्ति के अमूल्य योगदान का प्रतीक हैं।' उनकी प्रेरणा हमारे हर प्रयास की दिशा तय करती है।"

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की संयुक्त सचिव, हेना उस्मान ने अपने संबोधन में कहा, "राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम न केवल उनके अतुलनीय योगदान का सम्मान है बल्कि उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर हम एक ऐसे भारत का निर्माण करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं जो समावेशी, कुशल और उद्यमशील हो। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय अपने स्वायत्त संस्थानों जैसे निस्बड और आईआईई के माध्यम से उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार कर रहा है, जिसमें उद्यमी सोच और क्षमताओं का निर्माण तथा उद्यमों को विकसित करना शामिल है। इतना ही नहीं, निस्बड द्वारा मध्यप्रदेश में संकल्प, स्ट्राइव, पीएम जनमन, पीएम स्वनिधि तथा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजनाएँ चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं के द्वारा 22 हजार से अधिक उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 2400 से अधिक उद्यम रजिस्ट्रेशन स्थापित हुए हैं और लगभग 2800 रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं।" इस कार्यक्रम के अवसर पर एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), राष्ट्रीय उद्यमिता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निस्बड) और एनएसटीआई (महिला) से जुड़ी महिलाओं ने अपने उत्पादों, हस्तकला और प्रशिक्षण की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम में अनेक महिलाओं ने मंच से अपने अनुभव साझा किए, जिनमें से अधिकांश ग्रामीण और साधारण सामाजिक पृष्ठभूमि से थीं। राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला), इंदौर में कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ हुई और इसका समापन स्टॉल प्रदर्शनी के साथ हुआ। इस आयोजन ने "कुशल नारी-सशक्त भारत" के मंत्र को मूर्त रूप देते हुए राजमाता की प्रेरणा को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया है।

# पुलिस ने अवैध गौवंश तस्करों के विरुद्ध की बड़ी कार्यवाही



खरगोन। वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशो के परिपालन मे पुलिस अधीक्षक खरगोन धर्मराज मीना व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) भापुसे नरेंद्र रावत, अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमति शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन के द्वारा जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियो को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है। इसी तारतम्य में थाना चैनपुर पर अवैध गौवंश तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। गुरुवार को थाना चैनपुर पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, एक बिना नंबर का पिकअप वाहन जिसमे क्रूरतापूर्वक अवैध गौवंश है, थोड़ी देर के बाद झिरन्या बायखेड़ा रोड के सामने से गुजरने वाली है। मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना से अवगत करवा कर हाई स्कूल के पीछे झिरन्या बायखेड़ा के लिए रवाना किया गया। पुलिस टीम के द्वारा मौके पर पहुँच कर आने जाने वाले वाहनों पर नजर रखी गई। थोड़ी देर के बाद बायखेड़ा तरफ से मुखबिर के बताए अनुसार एक बिना नंबर का पिकअप वाहन आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया परंतु पिकअप के वाहन चालक ने पिकअप न रोक कर गाड़ी तेज गति से आगे निकल ली, पुलिस टीम के द्वारा तत्काल पिकअप वाहन का पीछा किया पुलिस टीम को पीछे आता देख पिकअप का वाहन चालक पिकअप वाहन छोड़ कर मौके से भाग निकला। मौके पर छोड़ कर गए पिकअप वाहन को चेक करने पर उसमे क्रूरतापूर्वक 08 गौवंश भरे होना पाए गए, जिन्हे पुलिस टीम के द्वारा मुक्त कराया गया, पुलिस टीम के द्वारा बिना नंबर के पिकअप वाहन कीमती लगभग 6,00,000/- रुपये को नियमानुसार विधिवत जप्त कर पिकअप वाहन चालक के विरुद्ध थाना चैनपुर पर अपराध क्रमांक 213/25 धारा 4,6,9 म.प्र.गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम तथा 11(1)(घ) पशु क्रुरता निवारण अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। मौके से फरार पिकअप वाहन चालक को पुलिस टीम के द्वारा शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगाँव राकेश आर्य के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी चैनपुर निरीक्षक नाथुसिंह रंधा नेतृत्व में उनि अनिल निगवाल, आर शशांक, आर राहुल का विशेष योगदान रहा।

## जिले की दो पंचायतो को मिला आयएसओ आवार्ड

**दैनिक रणजीत टाइम्स**



भगवानपुरा। जनपद पंचायत भगवानपुरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भगवानपुरा एवं उमरिया द्वारा कार्यालयीन रख-रखाव एवं शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन तथा ग्रामीणजन को योजनाओ मे लाभान्वित करने अभिलेख संधारण मे उत्कृष्ट कार्य करने से उन ग्राम पंचायतो को आईएसओ अवॉर्ड से शुक्रवार को आकाश सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत खरगोन द्वारा सम्बधित ग्राम पंचायत के भगवानपुरा सरपंच ज्ञानसिंग डावर सचिव गोविंद मालविया ग्राम पंचायत उमरिया सरपंच रमेश चौहान सचिव रवि जायसवाल को पवन साह सीईओ भगवानपुरा की उपस्थिति मे आईएसओ प्रमाण-पत्र प्रदान किए गये एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## एबीवीपी ने विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को आ रही विभिन्न समस्याओं के साथ 3 सूत्री मांगों को लेकर कुलगुरु को ज्ञापन सौंपा



**दैनिक रणजीत टाइम्स**

**खरगोन। शुक्रवार की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खरगोन ने क्रांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय में छात्रों को आ रही विभिन्न समस्याओं के साथ 3 सूत्री मांगों को लेकर कुलगुरु एम के कोरी ज्ञापन दिया। एबीवीपी कार्यकताओं ने ज्ञापन सौंपकर मांग की**

1). B.F.S.I विषय के विद्यार्थियों के लिए जो राशि Online पोर्टल शुल्क पर निर्धारित किया गया है, जो कि 1500 शुल्क है वही लिया जाए।

2) विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति / आवास अभी तक पोर्टल बंद है जिससे विद्यार्थी अपनी छात्रवृति/आवास फॉर्म नहीं भर पा रहे है, जिसे जल्द से जल्द शुरू की जाए।

3) विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए वाटर कूलर शीघ्र लगाए जाए तथा विश्विद्यालय में साफ - सफाई की व्यवस्था की जाए। आदि कही मांगे रखी गई। साथ ही जिला संयोजक निर्मल चौहान ने बताया कि विश्वविद्यालय में B.F.S.I. के विद्यार्थी को अभी एक साल पूरा होने वाला है जब विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था तब उनके विषय का शुल्क 1500 ही बताया था एवं अभी भी online पोर्टल पर 1500 शुल्क ही है परन्तु अभी विश्वविद्यालय द्वारा BFSI के विद्यार्थियों को 10000 शुल्क बताया गया जिससे कही विद्यार्थी शुल्क जमा करने में असमर्थ हो सकते हे एवं उनका साल पूरा खराब हो सकता है जिसको ले कर भी आज अभाविप ने मांग करी है कि उनको जो online पोर्टल पर शुल्क बताया जा रहा है जो को 1500 है वही ली जाए इससे अतिरिक्त कुछ नहीं। साथ ही विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी ने चेतावनी दी कि सात दिनों के भीतर इन समस्याओं व मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान एबीवीपी के प्रांत SFD संयोजक श्रेय सेन, विभाग संयोजक आकाश राठौड़,जिला संयोजक निर्मल चौहान सह मंत्री रीना इंगले महाविद्यालय अध्यक्ष गौतम मालसे महाविद्यालय मंत्री मोहित बडोले, गर्व, शीतल, नितिन, प्रसंग, पकास, आरती, मोहिनी, पलक, कोमल, दिव्या आदि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# ईद के पहले शिवपुरी में पुलिस का फ्लैग मार्चः शांति-सुरक्षा का संदेश, जिले के सभी थाना क्षेत्रों में गश्त; अफवाहों से दूर रहने की अपील

ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी में शुक्रवार को आगामी ईद पर्व को देखते हुए पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। इसका उद्देश्य शहर में शांति और सौहार्द बनाए रखना था। फ्लैग मार्च से आम नागरिकों को यह संदेश दिया गया कि पुलिस सतर्क है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### फ्लैग मार्च माधव चौक से शुरू हुआ

पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देश पर निकाले गए इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी ने किया। इस दौरान रक्षित निरीक्षक अनिल कवरेती, यातायात प्रभारी रणवीर यादव, कोतवाली प्रभारी कृपाल सिंह राठौड़, देहात थाना प्रभारी रत्नेश यादव और फिजिकल थाना प्रभारी नवीन यादव सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### इन क्षेत्रों से गुजरा फ्लैग मार्च

मार्च की शुरुआत माधव चौक से हुई। इसके बाद यह मीट मार्केट, फिजिकल रोड, नीलघर चौराहा, सुभाष चौक, काली माता मंदिर तिराहा, झांसी तिराहा और गुरुद्वारा चौराहा से होते हुए दोबारा माधव चौक पर समाप्त हुआ।



### जिले के अन्य थानों में भी फ्लैग मार्च

जिले के अन्य थाना क्षेत्रों में भी पुलिस बल ने पैदल गश्त और फ्लैग मार्च निकाला। अधिकारियों ने लोगों से त्योहार शांति और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। साथ ही कहा- किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

# कालापीपल के उपार्जन केन्द्र लता आजिविका स्वसहायता समूह के संचालकों पर एफआईआर दर्ज

दैनिक रणजीत टाइम्स

शाजापुर । रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 में शाजापुर जिले की कालापीपल तहसील के उपार्जन केन्द्र लता आजिविका स्वसहायता समूह सुकलिया की अध्यक्ष लक्ष्मी रघुवंशी पति राहुल रघुवंशी एवं सचिव रीनाबाई पति रविन्द्र वर्मा के विरूद्ध एम.पी. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लि. शाजापुर जिला प्रबंधक के माध्यम से कालापीपल तहसील पुलिस थाने में धारा 318 (4) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर प्राथमिकी (FIR) दर्ज कराई गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी सुश्री अंजु मरावी ने बताया कि रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 में जिले की कालापीपल तहसील के उपार्जन केन्द्र लता आजिविका स्व सहायता समूह सुकलिया के अध्यक्ष लक्ष्मी रघुवंशी पति राहुल रघुवंशी एवं सचिव रीनाबाई पति रविन्द्र वर्मा द्वारा गेहूं उपार्जन कार्य किया गया हैं। उक्त उपार्जन केन्द्र द्वारा उपार्जित किये गये गेहूँ भण्डारण की जाँच, समिति गठित कर जाँच कराई गई। जाँच समिति द्वारा उपार्जन केन्द्र लता स्व सहायता समूह, सुकलिया के संचालको द्वारा ऑनलाईन की गई कुल खरीदी 38671.5 क्विंटल के परिपेक्ष्य में, परिवहन के लिए शेष मात्रा 2919.5 क्विंटल के विरूद्ध भौतिक सत्यापन में कुल 356.50 क्विंटल गेहूँ पाया जाकर कुल 2563.00 क्विंटल गेहूँ कम पाया गया तथा जाँच में लता स्व सहायता समूह के अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा कृषको के गलत/फर्जी बिल बनाकर R2T जारी किया जाना पाया गया।

# कृषक गोष्ठी एवं विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक रणजीत टाइम्स

शाजापुर । विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र शाजापुर एवं किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग शाजापुर के संयुक्त भागीदारी में प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.जी.आर. अंबावतिया के मुख्य आतिथ्य में शाजापुर विकासखंड के ग्राम जादमी में विश्व पर्यावरण दिवस एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. धाकड, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी श्री विजय गामी, मछली पालन विभाग श्री किशोर महाजन, पशुपालन विभाग डॉ. एमएल जारेलिया, आत्मा परियोजना श्री सालिकराम धाकड़, जादमी के सरपंच श्री रतनलाल मालवीय भी उपस्थित थे।

डॉ. अंबावतिया ने पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए विभिन्न तकनीक संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अपने घर या सोसायटी मे हर साल एक पौधा अवश्य लगाये और उसकी देखभाल करके उसे पूर्ण वृक्ष बनाये ताकि वह विषैली गैसों को सोखने में मदद कर सके। डिस्पोजेबल वस्तुये जैसे प्लास्टिक ग्लास, पानी की बोटल और प्लेट से परहेज करें। फसलों के अवशेष न जलाए, इससे पृथ्वी के अंदर रहने वाले जीव मर जाते हैं और वायु प्रदुषण भी बढ़ता है। साथ ही उन्होंने किसानों को खरीफ पूर्व उन्नत कृषि तकनीक की तकनीकों की जानकारी दी। विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान आयोजित कृषक गोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. धाकड ने संरक्षित खेती, फसल अवशेष प्रबंधन के लिए उन्नत कृषि यंत्रों की जानकारी प्रदान की। साथ ही पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए भूमि एवं जलसंरक्षण के विभिन्न उपायों की जानकारी दी। कृषि विभाग से श्री विजय गामी द्वारा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। पशुपालन विभाग से डॉ. एमएल जारेलिया द्वारा विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। आत्मा योजना से श्री शालिग्राम धाकड़ द्वारा प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों की तकनीकी जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित किसानों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण भी किया गया।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में बाह्य विकास के लिए सड़क निर्माण एवं पेवर ब्लॉक के कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ

**दैनिक रणजीत टाइम्स**



नागदा जं.। शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में आज माननीय विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संतोष ओ पी गहलोत की अध्यक्षता में उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा स्वीकृत राशि 32.20 लाख रु की लागत से सड़क निर्माण एवं पेवर ब्लॉक के कार्यों का पंडित सुरेश शर्मा के मंत्रोच्चार के साथ सरस्वती पूजन कर भूमिपूजन का कार्य संपन्न हुआ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर परिसर में माननीय विधायक जी एवं समस्त अतिथियों द्वारा पौधारोपण भी किया गया। माननीय विधायक जी ने अपने उद्बोधन में महाविद्यालय के कार्यों और व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए महाविद्यालय के विकास के लिए सदैव सहयोग देने का आश्वासन दिया। शहर की कन्याओं के लिए शासकीय कन्या महाविद्यालय का भवन अन्य शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय की तुलना में सबसे अच्छा सर्वयुक्त शहर के मध्य एकमात्र शासकीय कन्या महाविद्यालय है। जो सरकार की बेटी पढ़ाओ-बेटी बढ़ाओ योजना को सार्थक करता है। उन्होंने शहर की बेटियों के अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हर प्रकार से कन्या महाविद्यालय लड़कियों की शिक्षा के लिए उपयुक्त और उत्कृष्ट महाविद्यालय है।

कार्यक्रम में उपस्थित विशेष अतिथियों के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष उज्जैन ग्रामीण राजेश धाकड़, नगर पालिका सांसद प्रतिनिधि ओ पी गेहलोत, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, बिरलाग्राम मंडल अध्यक्ष प्रकाश जैन, वार्ड की पार्षद श्रीमती मंजू राजेश गगरानी, जनभागीदारी समिति सांसद प्रतिनिधि हरीश अग्रवाल, अनुविभागीय अधिकारी बृजेश सक्सेना और जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाह थे। इस अवसर पर डॉ. विवेक अग्रवाल, डॉ अलका चौहान, रचित चौहान, लालजी साहनी, हरचरणसिंह चावला, अनिल खरे, ओमप्रकाश सिंह चौहान, जितेन्द्र दुबे, राकेश जैन, सुनील सकलेचा, वीरेंद्र सकलेचा, गिरधारी सिंह शेखावत, मुकेश मोहता, सी एम अतुल, अजय कुशवाह, गजेंद्र सिंह गौर, राजेश इंद्र, छोटे मल्लाह, श्रीमती माया शर्मा, दिनेश परिहार, हिम्मत राठौर, रविन्द्र राणावत और महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित थी। अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. माधवी पाटीदार ने आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का संचालन डॉ अर्चना करंदीकर ने किया।

# आम्बा में गंगा दशहरा पर की माँ गंगा की महाआरती



## 8 वर्ष पूर्व भाजपा नेता कुं विश्वजीत सिंह राठौर ने की थी शुरुवात

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

पिपलौदा । गंगा दशहरा के पावन पर्व पर रविवार को स्थानीय राजपरिवार एवं ग्रामवासियों द्वारा मां गंगा की पूजन तथा महाआरती का आयोजन किया गया लगातार 8 वे वर्ष आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्र के कद्दावर भाजपा नेता आम्बा राजपरिवार के स्वर्गीय कुंवर विश्वजीत सिंह राठौर द्वारा क्षैत्र की खुशहाली तथा समृद्धि की कामना को लेकर की गई थी सर्वप्रथम महाराज शौर्यजीत सिंह एवं महाराज राजकुमार सिंह द्वारा मां गंगा का पूजन अर्चन किया गया तथा तत्पश्चात महाआरती की गई। मां गंगे के जयकारों के साथ क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि तथा अच्छी बारिश की कामना की गई। राजकुमार सिंह राठौर द्वारा उपस्थित ग्रामवासियों एवं भक्तजनों को संकल्प दिलवाया की प्रत्येक व्यक्ति प्रतिवर्ष एक पोधा लगाए तथा उसे रखरखाव कर बड़ा करे तथा हरित क्रांति में अपना योगदान प्रदान करे। इस अवसर पर महाराज नरेंद्रसिंह, हिम्मत सिंह, कुलदीपसिंह, दिलीप सिंह , ब्रजपालसिंह, सरपंच आशाराम परिहार, राधेश्याम बैरागी, महेशचंद्र शर्मा, हरीश पाटीदार, बालाराम पाटीदार, बाबूलाल पाटीदार साईराम, शंकरलाल पाटीदार, मियाराम पाटीदार, जगदीश पाटीदार, गणपतपाटीदार, पुनमचंद चौहान, देवीलाल प्रजापत, नानालाल परिहार, मनोज परमार, पवन वेद, छोगालाल वेद सहित सैंकड़ों ग्रामीणजन एवं मात्रशक्तियां उपस्थित थे।

## गांव में उल्टी-दस्त से फैली बीमारी

# 13 साल के किशोर की मौत, चार लोग अब भी अस्पताल में भर्ती; स्वास्थ्य विभाग ने किया दौरा





**दैनिक रणजीत टाइम्स**

खिलचीपुर । खिलचीपुर तहसील के सड़ियाकुआ गांव में इन दिनों एक अज्ञात बीमारी का कहर फैला हुआ है। गांव में करीब 10 लोग पेट दर्द, उल्टी और दस्त जैसी गंभीर समस्याओं से बीमार हो गए। इनमें से 13 वर्षीय दीपक सोलंकी की गुरुवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि अब भी चार लोग निजी अस्पताल में भर्ती हैं। हालात को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम गुरुवार सुबह 10 बजे गांव पहुंची और प्रभावित लोगों की जांच की। जानकारी की मुताबिक, मंगलवार शाम से गांव के कई लोगों को अचानक पेट में तेज दर्द, उल्टी और दस्त शुरू हो गए। पहले लोगों ने इसे सामान्य मौसमी बीमारी समझा, लेकिन जब बच्चों समेत बुजुर्ग भी तेजी से बीमार पड़ने लगे, तो उन्हें तुरंत इलाज के लिए खिलचीपुर के निजी अस्पताल में ले जाया गया। बीमार लोगों में दीपक सोलंकी (13) भी शामिल था, जिसे बाद में गंभीर हालत में अकलेरा और फिर कोटा रेफर किया गया। कोटा के मैत्री अस्पताल में गुरुवार सुबह 6 बजे उसकी मौत हो गई।

**सीएचसी बंद होने से बढ़ी परेशानी**

गांव के पास स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फिलहाल बंद है, जिससे मरीजों को तत्काल उपचार नहीं मिल सका। इससे स्थिति और बिगड़ गई। मरीजों को मजबूरी में 10 किलोमीटर दूर खिलचीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। दीपक की तबीयत बिगड़ने पर उसे राजस्थान के अकलेरा और फिर कोटा रेफर किया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। मृतक के पिता कृष्णपाल सोलंकी ने बताया कि वे हाल ही में बद्रीनाथ की धार्मिक यात्रा से लौटे हैं। 27 मई को वे वापस आए थे। मंगलवार शाम को अचानक वे, उनका बेटा दीपक और मां बीमार पड़ गए। बाद में उनके परिवार के चार-पांच सदस्य और गांव के अन्य लोग भी इसी तरह बीमार हो गए।

कृष्णपाल ने बताया कि हम सबको एक जैसा लक्षण हुआ- पेट दर्द, उल्टी, दस्त और बुखार। इलाज के लिए बेटे दीपक को सबसे पहले खिलचीपुर ले गए, फिर अकलेरा और कोटा तक लेकर गए, लेकिन वो नहीं बच पाया। गांव के 9 लोग बीमार हुए थे, जिसमें नैना सोलंकी (30), मंजू सोलंकी (32), दुली बाई (55), संतोष बाई (31), कृष्णपाल (40), भागीरथ (70), वर्षा (22), विवेक (11) और निशा बाई (10) शामिल है। इसमें 4 लोग अभी भी एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं।

# कॉमेडी और कन्फ्यूज़न के कॉकटेल के रूप में शुक्रवार को हाउसफुल 5 देशभर में रिलीज़ हुई



दर्शकों से इसे "मीठे मिक्चर" जैसी प्रतिक्रिया मिली है ... यानी इसमें कई तरह की कहानियों, किरदारों और ट्विस्ट को एक साथ मिला दिया गया है। लेकिन फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसका कॉमिक ट्रीटमेंट और सितारों की परफॉर्मेंस बन गई है। इस समय थियेटर में कोई दूसरी बड़ी बॉलीवुड रिलीज़ न होने, और बच्चों की गर्मी की छुट्टियों का पूरा फायदा हाउसफुल 5 को मिलता दिख सकता है।

## शिक्षा मंत्रालय से सम्बद्ध संसद की परामर्शदात्री समिति की दूसरी बैठक का आयोजन इंदौर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ



अध्यक्षता भारत सरकार के केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने की।बैठक का मुख्य विषय था - विद्यालय और उच्च शिक्षा संस्थाओं में भारतीय भाषाओं में शिक्षा का संवर्धन। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री सुकांत मजुमदार , भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष चामु कृष्ण शास्त्री,सांसद शंकर लालवानी, राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन, सांसद डॉ. प्रभा मलिकार्जुन , शिक्षा सचिव संजय कुमार और उच्च शिक्षा सचिव डॉ. विनीत जोशी सहित शिक्षा विभाग के प्रमुखगण उपस्थित रहे। इस बैठक में भारतीय भाषाओं में शिक्षा को बढ़ावा देने और इसके महत्व पर विस्तृत चर्चा हुई।

# 1008 उच्चारित मंत्रों से हुआ भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक

आशीष शर्मा

सनावदः– नगर में पिछले 11 दिनों से निरन्तर धर्म की गंगा प्रवाह कर रहे परम पूज्य उच्चारणाचार्य 108 श्री विनम्रसागर जी महामुनिराज के 23 वे गुरु उपकार दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम की बेला में आज प्रथम दिवस श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में मूलनायक भगवान पार्श्वनाथएव चंदाप्रभु भगवन के ऊपर आचार्य विनम्र सागर जी महाराज के मुखारबिंद से 1008 सहस्त्र नाम के मंत्रों को उच्चारित कर जलाभिषेक करवाया गया समाज प्रवक्ता सन्मति काका ने बताया की मूलनायक भगवान पर प्रथम जलाभिषेक करने का सौभाग्य राजेश कुमार जटाले को प्राप्त हुआ साथ ही सुनील पांवणा, कमल कुमार केके, अखिलेश घाटे, रहदेष जैन,मनोज जैन, सुधीर जैन, आशीष जैन, हर्षित जैन, सुदेश जटाले, प्रत्यूष जैन, प्रशांत जैन,विशाल सराफ,महावीर जैन, शरणम् जैन, प्रवीण जैन,रजत जैन,सोनू जैन, वीरेन्द्र बाबा, कमलेश भूच को प्राप्त हुआ वही पार्श्व नाथ भगवान पर वृहद शांति धारा करने का सौभाग्य राबिन प्रद्युम्न कुमार जैन महेश्वर परिवार को प्राप्त हुआ। एवं अन्य पाषाण के पार्श्वनाथ भगवान पर शांति धारा करने



का सौभाग्य रजत कुमार जैन एवं रहदेष जैन एवं चंदा प्रभु भगवान पर शांति धारा करने का सौभाग्य अनुभव कुमार सराफ को प्राप्त हुआ। अगली कड़ी में आचार्य शांति सागर वर्धमान देशना संत निलय में सभा का शुभारंभ आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर के हुवा आचार्य विराग सागर जी महाराज के पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट एवं पूजन करने का सौभाग्य सुधीर कुमार प्रशांत जैन पुत्र पुलकित जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर आचार्य विनम्र सागर जी महाराज ने अपनी वाणी का अमृत पान करवाते हुवे कहा की सम्यक दृष्टि ने जो अपना आत्मा के स्वरूप का जो निश्चय कर कर लिया था मेरी आत्मा का शुद्ध आत्मा का स्वरूप कैसा हे ओर अशुद्ध आत्मा कैसी हे अशुद्ध आत्मा ही शुद्ध होती हे ऐसा उन ने निश्चय कर लिया था उसे उन्होंने निश्चय कर लिया था उसे सिद्ध भगवान के उस स्वरूप को जाना । जो अपना नहीं मानता हे सिर्फ अपनी आत्मा को मानता हे वही समदृष्टि हे। जो अंतर आत्म होता हे वो आत्मा के गुणों को देखता है और जो बाही आत्म होता हे वो बाहर की वस्तुओं को ही अपना समझता हे । इस अवसर पर सभी समाजजन उपस्थित थे।आज रचाया जायेगा भक्तामर मंडल विधान परम पूज्य उच्चारणाचार्य 108 श्री विनम्रसागर जी भक्तामर वाले बाबा के सन्निधि में आचार्य शांति सागर वर्धमान देशना संत भवन में 48 परिवारों द्वारा भक्तामर मंडल विधान रचाया जायेगा साथ ही विधान पश्चात पूरे आचार्य संघ की आहार चर्या बड़े मंदिर के हाल में संपन्न होगी वहीं शाम को पार्श्वनाथ बड़े मंदिर जी में 48दीपों से भक्तामर दीप आराधना की जायेगी।

# माँ तुझे प्रणाम योजना के अन्तर्गत शहडोल संभाग के युवा दल ने किया महेश्वर का भ्रमण



दीपक तोमर

महेश्वर।खेल और युवा कल्याण विभाग मप्र शासन की योजना के अंतर्गत माँ तुझे प्रणाम शहडोल संभाग के डिण्डौरी, अनुपपुर, उमरिया, शहडोल जिले के चयनित युवा दल ने माड़व और ओंकारेश्वर भ्रमण कर 05 जून को महेश्वर में रात्रि विश्राम के बाद 6 जून को सुबह ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध नगरी महेश्वर का भ्रमण किया। इस यात्रा का उद्देश्य युवाओं में सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना था।इस दल में संभाग के विभिन्न जिलों से चयनित 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवक शामिल थे। भ्रमण के दौरान युवाओं ने नर्मदा तट पर स्थित महेश्वर किले, रानी अहिल्याबाई होल्कर स्मारक, प्राचीन मंदिरों का अवलोकन किया। युवाओं ने स्थानीय इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक विकास कार्यों की जानकारी ली। जिला खेल अधिकारी श्रीमती पवी दुबे ने बताया कि इस प्रकार की यात्राओं से युवा अपने राज्य की सांस्कृतिक विविधता को नजदीक से समझ पाते हैं, जिससे उनमें आत्मगौरव और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास होता है। खेल अधिकारी श्रीमती दुबे ने युवाओं से मुलाकात कर सम्पूर्ण व्यवस्थाओं की स्थिति अवलोकन किया एवं दल के साथ भ्रमण कर उन का उत्साहवर्धन किया। उनके साथ विभागीय ब्लॉक समन्वयक जितेन्द्र हिरवे, भानुप्रताप दंसौधी, पंकज बर्डे, अनिता हिरवे उपस्थित रही।

# मुख्यमंत्री डॉ यादव के द्वारा ग्राम नवाखेड़ा में 90 करोड़ रू. से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का भूमी पूजन किया गया

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

उज्जैन । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा शुक्रवार को उज्जैन विकासखण्ड के ग्राम नवाखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में 94 करोड़ 01 लाख रू. की लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमी पूजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इस अवसर पर कहा कि आज इस कार्यक्रम में 90 करोड़ रू की लागत से अधिक के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया है। इसमें विभिन्न नए मार्गों का निर्माण किया जाएगा शासन द्वारा गांवो को जोड़ने के लिए तथा आवागमन को सुगम बनाने के लिए निरंतर सड़को का निर्माण करवाया जा रहा है। इंदौर, उज्जैन, देवास, धार और शाजापुर के क्षेत्र को मिलाकर मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। शासन द्वारा किसानों और महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहें हैं।

आने वाले समय में लाड़ली बहना योजना के तहत लाडली बहनों को दी जाने वाली राशी में वृद्धि की जाएगी तथा इसे बड़ा कर 3000 रू. प्रतिमाह तक किया जाएगा। वर्तमान में नदियों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। खेत खेत तक नर्मदा नदी का पानी पहुंचाया जा रहा है। वर्तमान में 55 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। प्रदेश में लगभग 30 मेडिकल कॉलेज का संचालन किया






जा रहा है आने वाले समय में इन्हें बढ़ाकर 50 किया जाएगा। सभी किसानों को सोलर पंप प्रदाय किए जाऐंगे तथा बिजली के बिल से मुक्ति दिलवाई जाएगी। मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति की आय में भी वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों और नागरिकों को प्रदेश को विकसित करने में अपना योगदान देने का संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम में सांसद श्री अनिल फिरोजिया, विधायक श्री अनिल जैन कालुहेड़ा, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, जनपद पंचायत उज्जैन अध्यक्ष श्रीमती भंवरबाई चौधरी, श्री राजेन्द्र भारती, श्री संजय अग्रवाल, एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

मुख्यमंत्री के द्वारा कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात कन्या पुजन किया गया मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित आमजन पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण श्री विरेन्द्र आंजना के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के द्वारा लोकनिर्माण विभाग के अंतर्गत 44.40 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले नवाखेड़ा से निनोरा-किठौदा-मताना-सेवरखेड़ी-आलमपुर उडाना मार्ग, छायन से करोहन व्हाया गोंदिया मार्ग, पुलिस चौकी रामवासा से मतानाखुर्द मार्ग, मतानाखुर्द से कल्याणपुरा मार्ग, मतानाखुर्द से पंथपिपलई मार्ग, राघौपिपलिया पंचक्रोशी मार्ग से जमालपुरा मार्ग और चंदुखेड़ी से सिलोदारावल, इल्यासखेड़ी, अंबोदिया मार्ग का भूमि पूजन किया गया। इसके अलावा राजस्व विभाग के अंतर्गत 43.88 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले संयुक्त तहसील कार्यालय माकड़ोन , उज्जैन नगर,खाचरोद और संयुक्त अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय , उज्जैन ग्रामीण एवं उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत बनने वाले शासकीय महाविद्यालय बड़नगर का भूमी पूजन किया गया। साथ ही जल गंगा संर्वधन अभियान के अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत 5.73 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले 23 अमृत सरोवरों का भी भूमी पूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के द्वारा हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत सदस्य श्री शोभाराम मालवीय ने किया और आभार प्रदर्शन श्री विरेन्द्र आंजना ने किया।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव कथा कार्यक्रम में शामिल हुए

**दैनिक रणजीत टाइम्स**



उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ यादव शुक्रवार को झालरिया मठ में आयोजित किए जा रहे श्रीमद् विश्वकर्मा महापुराण कथा कार्यक्रम और मां त्रिपुरा सुदंरी विराट विश्वकर्मा अक्षतार्चन महायज्ञ में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि उक्त अनुष्ठान का आयोजन व्यापार वृद्धि और सुख समृद्धि के लिए किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इस अवसर पर कहा कि विश्वकर्मा समाज सदैव धर्म और अध्यात्म के साथ ही कर्मशील भूमिका में रहता है। हम इनके उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर समाजजनों के द्वारा मुख्यमंत्री का शाल ओढ़ाकर एवं भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर व्यासपीठ पर आचार्य जगदीश महाराज, विधायक श्रीअनिल जैन कालुहेडा, श्री संजय अग्रवाल,श्री जगदीश पांचाल,श्री राजेश पांचाल उपस्थित थे।

**जलगंगा संवर्धन अभियान**

## मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चिंतामण गणेश मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मण बावड़ी से बावड़ी उत्सव में सम्मिलित हुए

**दैनिक रणजीत टाइम्स**

उज्जैन । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत श्री चिंतामण गणेश मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मण बावड़ी से बावड़ी उत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा कार्यक्रम में 'बूंद सहेजे बावड़ी' पुस्तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि भगवान श्री चिंतामण गणेश के आशीर्वाद से देश प्रदेश विकास की नई ऊंचाईयों पर पहुंचे। उज्जैन में आयोजित की गई वेलनेस समिट में हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। उज्जैन देश विदेश के लिए मानसिक शांति,आध्यात्म ,वेलनेस केयर का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। सिंहस्थ 2028 दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उज्जैन इंदौर नया फोरलेन पर भी कार्य किया जा रहा है । चिंतामण गणेश रेलवे स्टेशन का उन्नयन भी किया जाएगा।मां शिप्रा को कान्ह क्लोज़ डक्ट परियोजना और सेवारखेड़ी सिलारखेड़ी परियोजना से स्वच्छ,निर्मल और प्रवाहमान किया जा रहा है जिससे सिंहस्थ स्नान मां शिप्रा के जल से हो सकेगा ।सभी देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का संपूर्ण ध्यान रखने के लिए नवीन शिप्रा घाटों का निर्माण किया जा रहा है और सभी सुविधा श्रद्धालुओं को सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। सम्पूर्ण प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है जिसमें संपूर्ण प्रदेश में जल संरक्षण का संदेश,जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और भू जल स्तर में सुधार पर कार्य कर जल की एक एक बूंद को संरक्षित करने के उपाय किये गये हैं।

